# देवी मंदिरों में कलश स्थापना के साथ आस्था के ज्योत प्रज्जवलित

### मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं की लगी रही भीड़

### श्रद्धालु इस साल 8 दिनों तक करेंगे माता की आराधना



जगदलपुर 30 मार्च (दण्डकारण्य समाचार)। बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में रविवार को शुभ मुहूर्त पर मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित करने के साथ ही चैत्र नवरात्र प्रारंभ हो गया। दंतेश्वरी मंदिर में राजपरिवार के सदस्य कमलचंद भंजदेव द्वारा पूजा अर्चना और अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित करने के बाद 2 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित किया गया है। इसी प्रकार दूसरे मंदिर में भी अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित किया गया है।

दंतेश्वरी मंदिर के प्रधान पुजारी प्रेम पाढ़ी ने बताया कि अभिजीत मुहूर्त में मंदिर के गर्भगृह में राजपरिवार के सदस्य कमलचंद भंजदेव ने देवी मंदिरों में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अखंड दीप प्रज्ज्वलित किया। इसके बाद मंदिर के ज्योति कलश कक्ष में श्रद्धालु भक्तो ने आस्था के दीप जलाए। नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में दर्शन पूजन के लिए महिलाओं की सबसे ज्यादा भीड़ लगी रही। नवरात्र के अवसर पर अंचल के प्रसिद्ध दंतेश्वरी देवी मंदिर में भी लगभग 2 हजार से ज्यादा मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित की गई है। यहां दिन भर भक्तों का रेला लगा रहा। तिथि क्षय के कारण इस वर्ष 9 की जगह आगामी 8 दिनों तक पूजा अर्चना जारी रहेंगा।

#### पहले दिन शैलपुत्री की पूजा

नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की गई। मां शैलपुत्री हिमालयराज की पुत्री हैं, शैल का अर्थ है पत्थर या पहाड़। मान्यता है कि मां शैलपुत्री देवी सती ही है। पूर्व जन्म वो दक्ष प्रजापति के यहां जन्मी थीं। तपस्या करके उन्होंने भगवान शिव को पति रूप में पाया था। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार मां शैलपुत्री चंद्रमा को दर्शाती हैं, उनकी उपासना से चंद्रमा के बुरे प्रभाव निष्क्रिय हो जाते हैं।

#### नवरात्र के लिए सजे मंदिर

शक्ति मे भक्ति और आस्था का पर्व नवरात्र पर्व रविवार से प्रारंभ हो गया है। इसके लिए यहां के दंतेश्वरी मंदिर के साथ ही दुर्गा मंदिर, हिंगलाजीन मंदिर और काली मंदिर में साज सज्जा कर पूरे मंदिर को सजाया गया है। चैत्र नवरात्र पर इन मंदिरों में भी सैकड़ों ज्योत प्रज्ज्वलित किया गया है।

#### गांवों में शक्ति की आराधना शुरू

अंचल के गांवों में शक्ति आराधना का पर्व पूरे श्रद्धा व उल्लास के साथ मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित करने के साथ ही प्रारंभ हो गया है। गांव के श्रद्धालु माता मंदिरोंमें में तेल और घृत के ज्योत प्रज्वलित किए हैं। वहीं गायत्री मंदिर में भी श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित की गई है।

# साईं झूलेलाल जन्मोत्सव पर दुपहिया वाहन रैली के बाद निकली भव्य शोभायात्रा



जगदलपुर 30 मार्च (दण्डकारण्य समाचार)। साईं झूलेलाल जन्मोत्सव के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सिन्धी समाज के सभी सदस्यों, युवा मंडल व महिला मंडल ने भगवा रंग के वस्त्र में दुपहिया वाहन रैली निकाली। यह दुपहिया वाहन रैली सिन्धी गुरुद्वारा से निकलकर चांदनी चौक, शहीद पार्क चौक, कोतवाली चौक, गोल बाजार चौक, सिरहासार से माई दंतेश्वरी मंदिर, संजय बाजार चौक से सिन्धी गुरुद्वारा पहुंची। पूरा मार्ग जय झूलेलाल के जयघोष से गुंजायमान होता रहा। दोपहर 1.30 बजे से आम लंगर सिंधु भवन में आयोजित किया गया। शाम 5 बजे सिन्धी गुरुद्वारा में बहराणा साहिब की पूजा अर्चना की गई। साथ ही शाम 6 बजे सिन्धी गुरुद्वारा से समाज के सभी सदस्य व महिला मंडल द्वारा सफेद वस्त्र में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा झूलेलाल मार्ग से कोतवाली चौक, मुख्यमार्ग होते हुवे गोल बाजार, सिरहासार से बलिराम कश्यप चौक से आगे महादेव घाट पहुंची। रास्ते भर भव्य आतिशबाजी व प्रसाद वितरण भी किया गया।

सिन्धी नवयुवक मंडल टीम द्वारा गोल बाजार चौक को आकर्षक रूप से सजाया गया था। सिन्धी समाज द्वारा साईं झूलेलाल जी के अवतरण दिवस में समाज बड़े हर्ष व उत्साह से विभिन्न आयोजन किए गए। सोमवार 24 मार्च को प्रारंभ श्री गुरुग्रंथ पाठ साहिब सिन्धी गुरुद्वारा में 30 मार्च रविवार को सुबह 10.30 बजे भक्ति संगीत के पश्चात समाप्ति व पल्लव, भोग साहिब, प्रसादी वितरण के साथ संपन्न हुई। इसके पूर्व 29 मार्च को संध्या 7 बजे से भजन कीर्तन व भक्ति संगीत कार्यक्रम सिंधु भवन में, धमतरी से आए भाई साहब हितेश जग्यासी, रोशनी जग्यासी द्वारा पेश किया गया । 29 मार्च शनिवार को सुबह 7 बजे सिन्धी समाज के सदस्यों व मातृशक्ति के द्वारा महादेव घाट की सफाई की गई, ताकि 30 मार्च को रात में साईं झूलेलाल जी के बहराणा साहिब व ज्योत अच्छे से विसर्जित हो। 30 मार्च को रात में महादेव घाट पर आकर्षण का केंद्र बना पूरे छत्तीसगढ़ के सिर्फ जगदलपुर नगर में इंद्रावती नदी के मध्य साईं झूलेलाल जी की बड़ी प्रतिमा को रोशनी से सजाकर बड़े से नाव में पानी के मध्य दिखाया गया इस अद्भुत पल पर साईं झूलेलाल जी की प्रतिमा का पानी में जो रिफलेक्शन दिखा वह क्षण आकर्षक था।

# मातृशक्ति वीरागंनाओं ने नगर में दौड़ाई स्कूटी



### नव वर्ष पर सर्व हिन्दु समाज व विहिप का आयोजन

जगदलपुर 30 मार्च (दण्डकारण्य समाचार)। हिन्दु नव वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को हिन्दु शेरनियां साफा बांधे स्कूटी पर सवार होकर शहर की मुख्य मार्गो पर स्कूटी रैली निकाल कर गुजरी तो हर कोई महिलाओं की शक्ति को देखता रह गया। रैली में शामिल महिलाओं को पुरुषों के समान समझने और नारी शक्ति का संदेश देते हुए जिस मार्ग से गुजरी लोगों ने उनका स्वागत किया। रैली में जय श्री राम और हर हर महादेव के साथ दंतेश्वरी माता की जयकारे से सारा वातावरण गुंजतर रहा। शहर के अलग-अलग रास्तों से निकली इस रैली के दौरान लोगों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी गईं। मां दंतेश्वरी मंदिर के सामने शुरू हुई इस स्कूटी रैली में बड़ी संख्या में महिलाओं ने हिस्सेदारी की। चैत्र नवरात्र के शुरू होने से पहले ही पूरे शहर को भगवा रंग से सजा दिया गया था।

#### चार किमी का किया सफर

सर्व हिन्दू समाज की विभिन्न महिला संगठनों द्वारा आयोजित स्कूटी रैली ने शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए करीब चार किलोमीटर की यात्रा पूरी की। विश्व हिंदू परिषद और सर्व हिन्दू समाज के पदाधिकारियों द्वारा स्कूटी रैली में शामिल मातृ शक्तियों पर पुष्प वर्षा की गई। दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण से स्कूली रैली निकाल कर पैलेस रोड़ संजय बाजार, चांदनी चौक, शहीद पार्क चौक, श्रीराम चौक से मेन रोड होते हुए गोल बाजार चौक और दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण पहुंच कर रैली संपन्न हुई।

#### नए पीढ़ी के युवाओं को दिया संदेश

स्कूटी रैली ने शामिल महिलाओ ने कहा कि धर्म की रक्षा और सुरक्षा के लिए सड़कों पर अपनी वीरता का प्रदर्शन कर आज महिलाओं ने बता दिया है कि अपने धर्म और संस्कृति को बचाने और युवा पीढ़ी में सेवा, संस्कार और सुरक्षा का अलख जगाने के लिए मातृ-शक्ति हिंदु नव वर्ष पर स्कूटी रैली निकाल कर नया संदेश दिया गया।

# भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

### सकल जैन समाज ने जनसेवार्थ क्षेत्रवासियों को उपलब्ध करवाई एक एंबुलेंस



जगदलपुर 30 मार्च (दण्डकारण्य समाचार)। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 2025 के पावन अवसर पर श्री सकल जैन समाज एवं जैन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन जगदलपुर द्वारा सहयोग व समर्पण का संदेश देते हुए शनिवार को शहर के हाताग्राउण्ड में नौ दिवसीय महावीर कप सीजन 8 रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। विदित हो कि, पूर्व में भी इस प्रतियोगिता के माध्यम से एकत्रित होने वाली राशि के जरिए सड़कों एवं गलियों में घूमने वाले बेजुबान श्वान एवं गौ सेवा के लिए प्रतिदिन भोजन उपलब्ध कराने हेतु इस खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता था। किन्तु श्री सकल जैन समाज एवं जैन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन जगदलपुर के सभी सदस्यों ने अपने निजी सहयोग से इस बार भगवान महावीर की प्रेरणा से जनसेवार्थ हेतु क्षेत्रवासियों को एक एंबुलेंस उपलब्ध करवाई है, जिसका संचालन महावीर कप सीजन 8 के माध्यम से एकत्रित होने वाली राशि के जरिए सभी के सहयोग से किया जाना है।

खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्वेताम्बर जैन समाज के अध्यक्ष भंवर बोथरा ने अपने सम्बोधन में कहा कि, जनता की सेवा के लिए समाज के सदस्यों ने आज एंबुलेंस सेवा प्रारंभ कर मानवता की मिसाल कायम करने के जनहित के ऐसे प्रयास के साथ ही स्वस्थ एवं समृद्ध जगदलपुर के उद्देश्य को सार्थक करने के संकल्प को भी पूरा किया है।

श्री दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अनूप जैन ने कहा कि, एंबुलेंस सेवा शुरू करने का श्री सकल जैन समाज एवं जैन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने संकल्प किया था और आज मुझे बहुत ही खुशी हो रही है कि, आप सभी के सहयोग व समर्थन से हम सभी अपने इस संकल्प को पूरा करने जा रहे हैं। सभी सदस्यों के द्वारा पीड़ितों के लिए तत्काल चिकित्सा सहायता सुनिश्चित करने की दिशा में एंबुलेंस सेवा एक महत्वपूर्ण कदम है। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने अपने प्रेरणादायी सम्बोधन में कहा कि, इस कार्यक्रम की आयोजनकर्ताओं के जज्बे को मैं सलाम करता हूॅ जिन्होंने क्षेत्रवासियों की आवश्यकताओं को समझा और अपने निजी सहयोग से एंबुलेंस उपलब्ध करवाई। यही वजह है कि, श्री सकल जैन समाज एवं जैन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन के सभी सदस्य भगवान महावीर के दिखाये हुए रास्ते पर चलकर एक नेक उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। इस सद प्रयास के लिए मैं उपस्थित समस्त खिलाड़ियों एवं आयोजनकर्ताओं को भविष्य में इसी तरीके के बेहतर कार्य करने के लिए शुभकामना देता हूॅ और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूॅ। जैन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार सुराना ने कार्यक्रम के सभी अतिथियों, जैन समाज के सभी सदस्यों एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था हेतु सहयोग करने वाले सदस्यों के समर्थन व कार्यक्रम में उपस्थित जगदलपुर शहर के गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया और कहा कि, सभी की एकजुटता और बेहतर सामंजस्य से एम्बुलेंस सेवा कार्य प्रारंभ करने में महत्वपूर्ण साबित हुआ। कार्यक्रम की देखरेख की जिम्मेदारी निभा रहे कार्यक्रम संयोजक जितेंद्र कोचर ने उपस्थित सभी सदस्यों से पूरी एकजुटता के साथ सहयोग देने की अपील की ताकि एम्बुलेंस सेवा संचालन को सफल बनाने बनाया जा सके।इस कार्यक्रम के दौरान जैन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राजेश बाफना, जितेंद्र श्रीश्रीमाल, सुरेंद्र दुग्गड़, शैलेन्द्र बाफना, धीरज बाफना, मनोज दुग्गड़, संदीप पारख, राजेश दुग्गड़, जिनेंद्र टाटिया, विकास बरड़िया, अनिल मिन्नी, पवन सालेचा, सुनील श्रीश्रीमाल, विनोद बाफना, देवेंद्र टाटिया, गुंजन बोरुंदिया, दिनेश कगोत, मोहित लुनिया, अजय मिन्नी, महावीर लुंकड़ सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के सदस्य, जगदलपुर के गणमान्य नागरिक व खेल प्रेमी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की पूरी जानकारी जैन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य व इस आयोजन हेतु मीडिया प्रभारी राजकुमार बोथरा, कमलेश गोलछा एवं मनीष पारख ने दी।

# बीजापुर में 50 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण 68 लाख का घोषित था इनाम

बीजापुर 30 मार्च (दण्डकारण्य समाचार)। जिले में रविवार को 50 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया, जिनमें से 14 पर कुल 68 लाख रुपये का इनाम था। एक अधिकारी ने बताया कि उन्होंने राज्य पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों के सामने हथियार डाल दिए।

बीजापुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने बताया, उन्होंने माओवादी विचारधारा की खोखली और अमानवीयता, प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा आदिवासियों के शोषण और आंदोलन के भीतर पनप रहे मतभेदों का हवाला देते हुए आत्मसमर्पण किया। वे सुरक्षा बलों द्वारा शिविर लगाने और निया नेल्लनार (आपका अच्छा गांव) योजना से भी प्रभावित हैं, जिसके तहत बल और प्रशासन दूरदराज के इलाकों में बुनियादी सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं।



उन्होंने बताया, आत्मसमर्पण करने वाले 50 लोगों में से छह पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम है, जिनमें से तीन पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम है। पांच पर एक-एक लाख रुपये का इनाम है। जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), बस्तर फाइटर्स, स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ), सीआरपीएफ और इसकी विशिष्ट इकाई कोबरा (कमांडो बटालियन फॉर रेसोल्यूट एक्शन) ने उनके आत्मसमर्पण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

एसपी ने कहा कि आंदोलन छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने वाले नक्सलियों के लिए सरकार की नीति के अनुसार उनका पुनर्वास किया जाएगा। यह आत्मसमर्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज्य के दौरे से कुछ घंटे पहले हुआ है। वह 33,700 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे, काम शुरू करेंगे और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। संयोग से सुरक्षा बलों ने शनिवार को छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र के सुकमा और बीजापुर जिलों में दोहरे मुठभेड़ों में 11 महिलाओं सहित 18 नक्सलियों को मार गिराया, जो 31 मार्च, 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के मिशन में एक बड़ी सफलता है।


ताजा सफलताओं के साथ, इस साल अब तक राज्य में अलग-अलग मुठभेड़ों में 134 नक्सलियों को मार गिराया गया है। उनमें से 118 बस्तर संभाग में समाप्त हुए। पुलिस के अनुसार, 2024 में सात जिलों वाले बस्तर क्षेत्र में कुल 792 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था।

# भीषण गर्मी के चलते स्कूल 7:30 से 11:30 बजे तक लगेंगे

जगदलपुर 30 मार्च (दण्डकारण्य समाचार)। बस्तर में भीषण गर्मी पड़ रही है और मार्च के अंतिम दिनों में ज्यादा ही गर्मी पड़ी जिसको देखते हुए राज्य शासन ने अप्रैल माह में स्कूल संचालन के लिए गाईड लाईन जारी की है। इसी तारतम्य में अप्रेल माह में बस्तर जिले में साढ़े सात से साढ़े ग्यारह बजे तक स्कूल लगेंगे। बस्तर के जिला शिक्षा अधिकारी ने बीईओ व प्राचार्य के नाम आदेश जारी किया है। जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल द्वारा हस्ताक्षरित आदेश में स्कूल संचालन के लिए समय 7.30 बजे से 11.30 बजे तक निर्धारित किया है और परीक्षा व मुल्यांकन का कार्य यथावत रहेगा। जिला शिक्षा अधिकारी बघेल ने शासन के निर्देश का हवाला देते हुए बस्तर जिले के समस्त शासकीय -अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त शालाओं की संचालन व्यवस्था करने को कहा है।



ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद




ईद-उल-फितर
की दिली मुबारकबाद




मुद्रक व प्रकाशक विश्वरूप बोस द्वारा मालिक विश्वरूप बोस के लिए दण्डकारण्य समाचार, समाचार काम्पलेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से मुद्रित एवं समाचार काम्पलेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से प्रकाशित : प्रधान संपादक - श्रीमती मणिकुंतला बोस
संपादक - विश्वरूप बोस Post Box No.- 8, ☎ Office - 07782/227594 Fax- 07782/227593 E-mail: news@dandakaranyasamachar.com Website: www.dandakaranyasamachar.com